Title: Need to provide easy availability of kerosene in the country.

श्री कमला प्रसाद रावत (बाराबंकी) : महोदय, कृपया आपका ध्यान मिट्टी का तेल (केरोसिन) के वितरण के बारे में अवगत कराना है कि आम जनता को केरोसिन उपलब्ध होने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। केरोसिन ऑयल अब जनरेटरों, सिंचाई के लिए इंजनों एवं ट्रैक्टर तथा खाना बनाने के लिए स्टोवों में भारी पैमाने पर ब्लैक में 25-30 रूपए लीटर में उपलब्ध है। डीजल के सस्ता होने के कारण लोग इस पर निर्भर होते जा रहे हैं, इससे केरोसिन ऑयल की कालाबाजारी नहीं रूक पा रही है। यदि इसे पेट्रोल पम्पों पर साथ में बेचने की इजाजत दे दी जाए और इसके मूल्य में सब्सिडी खत्म हो जाए तो आम नागरिक को आसानी से उपलब्ध होने लगेगा, क्योंकि अब ऐसे उपकरण आ गए हैं कि जिससे पेट्रोल में मिलावट को जांचा जा सकता है।